प्रस्ताव

63 बंदूकें। गोला-बारूद की बिक्री। पहल संविधि (कानून)।

63

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

- व्यक्तियों के लिए गोला-बारूद खरीदने हेतु पृष्ठभूमि जांच से गुजरना एवं न्याय विभाग से प्राधिकरण आवश्यक करता है।
- बड़ी क्षमता वाली कारतूस मैगज़ीनें रखना निषिद्ध करता है और उनका निर्दिष्ट किए गए के अनुसार निपटान करना आवश्यक करता है।
- गोला-बारूद की अधिकांश बिक्री लाइसेंसशुदा गोला-बारूद विक्रेताओं के माध्यम से किया जाना एवं न्याय विभाग को उसकी सूचना दिया जाना आवश्यक करता है।
- खो गईं या चोरी हो गईं बंदूकों व गोला-बारूद की सूचना विधि प्रवर्तन को दिया जाना आवश्यक करता है।
- बंदूक चोरी करने के दोषी पाए गए व्यक्ति को अपने पास बंदूक रखने से निषिद्ध करता है।
- बंदूकें रखना निषिद्ध करने वाले कानूनों के प्रवर्तन की नई कार्यविधियां स्थापित करता है।
- न्याय विभाग के लिए संघीय राष्ट्रीय तत्काल आपराधिक पृष्ठभूमि जांच प्रणाली (नेशनल इंस्टेंट क्रिमिनल बैकग्राउंड चेक सिस्टम) को निषिद्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्रदान करना आवश्यक करता है।

विधायी विश्लेषक के निवल राज्य एवं स्थानीय सरकार वित्तीय प्रभाव के आकलन का सारांश:

- निषिद्ध व्यक्तियों से, उनकी दोष सिद्धि के बाद, बंदूकें ले लिए जाने की एक नई न्यायालयी प्रक्रिया के संबंध में राज्य व स्थानीय न्यायालय तथा विधि प्रवर्तन की लागतों में, संभावित रूप से दसियों मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष की वृद्धि।
- गोला-बारूद की बिक्री विनियमित करने के संबंध में राज्य लागतों में संभावित वृद्धि, जिसकी कुछ मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष से अधिक होने की संभावना नहीं है। इन लागतों की शुल्क राजस्व द्वारा निष्प्रभावी कर दिए जाने की संभावना है।
- बंदूक व गोला-बारूद संबंधी दंडों में बदलाव के संबंध में राज्य व स्थानीय सुधारात्मक लागतों में संभावित निवल वृद्धि, जिसकी कुछ मिलियन डॉलर प्रतिवर्ष से अधिक होने की संभावना नहीं है।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

पृष्ठभूमि

बंदूक और गोला-बारूद रखने पर प्रतिबंध

संघीय और राज्य कानून के अंतर्गत, कुछ खास लोगों को अग्नि-शस्त्र रखने की अनुमति नहीं है। इन "प्रतिबंधित व्यक्तियों" में वे लोग शामिल हैं जो (1) घोर अपराधों और कुछ छोटे अपराधों (जैसे हमला या मारपीट) के अपराधी हों, (2) मानसिक बीमारी के कारण स्वयं या अन्यों के लिए अदालत द्वारा खतरनाक पाए गए हों, तथा (3) उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक आदेश हों। California में, जिन लोगों को अग्नि-शस्त्र रखने की अनुमति नहीं है, उन्हें गोला-बारुद रखने की अनुमति भी नहीं है।

बंदूक की बिक्री का विनियम

बंदूक के डीलरों के लाइसेंसीकरण सहित बंदूकों की बिक्रियों के संबंध में संघीय और राज्य दोनों कानूनों में विभिन्न विनियम हैं। इन विनियमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- ***पृष्ठभूमि जाँचें।*** संघीय कानून के अंतर्गत, बंदूकों के डीलरों को राष्ट्रीय तात्कालिक आपराधिक पृष्ठभूमि जांच प्रणाली (NICS) से बंदूकें खरीदने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जाँच करने का अनुरोध अवश्य करना चाहिए। NICS यह सुनिश्चित करने के लिए कि खरीददार कोई प्रतिबंधित व्यक्ति न हो, अनेक संघीय डेटाबेसों की खोज करता है। संघीय कानून द्वारा दी गई अनुमति के अनुसार, California NICS और विभिन्न राज्य डेटाबेसों के उपयोग से राज्य के बंदूक डीलरों से प्राप्त पृष्ठभूमि की जाँच के सभी अनुरोधों पर कार्रवाई करता है।
- ***प्रतिबंधित व्यक्तियों से अग्नि-शस्त्र वापस लेना।*** California का न्याय विभाग (DOJ) कानूनी रूप से बंदूक खरीदने वाले या राज्य में बंदूक का पंजीकरण कराने वाले व्यक्तियों के डेटाबेस का रखरखाव करता है। DOJ के एजेन्ट उन व्यक्तियों से अग्नि-शस्त्र वापस लेने के लिए इस सूचना का उपयोग करते हैं जिन्हें अब अग्नि-शस्त्र रखने की अनुमति नहीं है।
- ***अन्य विनियम।*** अग्नि-शस्त्र से संबंधित राज्य के विनियमों में ये शामिल हैं: खरीदे जा सकने वाली अग्नि-शस्त्र की किस्म पर सीमाएं, डीलर द्वारा खरीददार को बंदूक दिए जा सकने से पहले दस-दिन की प्रतीक्षा अवधि, तथा बंदूक की बिक्री को दर्ज करने और सूचित करने की अपेक्षाएं।

बंदूक के डीलरों और खरीददारों पर लगाए गए शुल्क से आमतौर पर बंदूक की बिक्री को विनियमित करने पर होने वाले राज्य के खर्चों को पूरा किया जाता है।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

गोला-बारूद की बिक्रियों का विनियमन

इस वर्ष से पहले, राज्य गोला-बारूद की बिक्रियों का विनियमन अग्नि-शस्त्र के समान नहीं करता था। जुलाई 2016 में, राज्य ने गोला-बारूद की बिक्री के विनियमन को बढ़ाने के लिए कानून बनाया। इन विनियमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- ***गोला-बारूद बेचने के लाइसेंस।*** जनवरी 2018 से, व्यक्तियों और कारोबारियों से यह अपेक्षित होगा कि वे गोला-बारूद बेचने के लिए DOJ से एक-वर्ष का लाइसेंस प्राप्त करें। कुछ खास व्यक्तियों और कारोबारियों से लाइसेंस लेने की अपेक्षा नहीं की जाएगी, जैसे शिकार के भ्रमण के समय किसी दूसरे लाइसेंसधारी शिकारी को प्रति माह 50 राउंड से कम गोला-बारूद बेचने वाले लाइसेंसधारी शिकारी। लाइसेंस लेने के लिए, गोला-बारूद के डीलरों के लिए यह प्रदर्शित करना आवश्यक होगा कि वे प्रतिबंधित व्यक्ति नहीं हैं। इसके अलावा, कुछ खास संस्थाएं गोला-बारूद का लाइसेंस स्वत: ही पा सकेंगी, जैसे राज्य और संघीय - दोनों सरकारों से बंदूकों के लाइसेंसधारी डीलर और बंदूकों के थोक-विक्रेता। गोला-बारूद की बिक्री की अपेक्षाओं का पालन करने में तीन बार विफल होने वाले विक्रेता का गोला-बारूद डीलर वाला लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द कर दिया जाएगा। DOJ अपने प्रशासनिक और लागू करने के खर्चों में सहयोग पाने के लिए गोला-बारूद बेचने के लाइसेंस का अनुरोध करने वाले व्यक्तियों और कारोबारियों पर शुल्क लगा सकता है।
- ***गोला-बारूद खरीदने के लिए DOJ की मंज़ूरी।*** जुलाई, 2019 से, गोला-बारूद के डीलरों से अपेक्षित होगा कि वे खरीद के समय DOJ से पुष्टि करें कि गोला-बारूद खरीदने का अनुरोध करने वाले व्यक्ति प्रतिबंधित व्यक्ति तो नहीं हैं। यह अपेक्षा कुछ व्यक्तियों पर लागू नहीं होगी, जैसे गुप्त हथियार रखने की अनुमति प्राप्त व्यक्ति। इसके अलावा, गोला-बारूद के डीलरों से आमतौर पर अपेक्षित होगा कि वे — बिक्री की तारीख, खरीददार की पहचान की सूचना, तथा खरीदे गए गोला-बारूद की किस्म — जैसी सूचना एकत्र करें और दो वर्ष तक डेटाबेस में रखने के लिए DOJ को सूचित करें। इन अपेक्षाओं का पालन करने में विफल होना छोटा अपराध है (जिसके लिए जुर्माने और/या काउंटी की जेल में कारावास का दंड दिया जा सकता है)। DOJ अपने प्रशासनिक और लागू करने के खर्चों में सहयोग करने के लिए गोला-बारूद खरीदने का अनुरोध करने वाले व्यक्ति पर आमतौर पर प्रति लेन-देन $1 तक का शुल्क लगा सकता है। DOJ कीमत बढ़ने पर इस शुल्क की सीमा को वार्षिक रूप से समायोजित कर सकता है।

जारी

- ***अन्य विनियम।*** जनवरी 2018 से, राज्य के कानून से आमतौर पर अपेक्षा होगी कि गोला-बारूद की अधिकतर बिक्रियाँ (इंटरनेट और राज्य के बाहर बिक्रियों सहित) गोला-बारूद के लाइसेंसधारी डीलर के माध्यम से की जाएं। इसके अलावा, जुलाई 2019 से, California के अधिकांश निवासियों के लिए गोला-बारूद को पहले गोला-बारूद के लाइसेंसधारी डीलर को सुपुर्द किए बिना राज्य में गोला-बारूद लाने की मनाही होगी। इन अपेक्षाओं का पालन करने में विफल होना छोटा अपराध है।

हाल ही के कानून की स्थिति

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, राज्य ने हाल ही में गोला-बारूद की बिक्री के विनियमन में बढ़ोतरी करने के लिए कानून बनाया है। राज्य ने विशाल-क्षमता वाले मैगज़ीनों के स्वामित्व को और आगे सीमित करने तथा बंदूक के खोने या चोरी होने की झूठी रिपोर्ट कानून प्रवर्तन में दायर करने पर दंड लगाने के लिए हाल ही में कानून भी बनाया है। यदि इन कानूनों को जनमत-संग्रह के रूप में मतदाताओं के समक्ष पेश न किया गया तो ये लागू हो जाएंगे। यदि ऐसा होता है, तो मतदाता तय करेंगे कि ये कानून लागू हों या नहीं।

प्रस्ताव

प्रस्ताव 63 (1) में गोला-बारूद की बिक्रियों के राज्य के विनियम में परिवर्तन किया गया है, (2) प्रतिबंधित व्यक्तियों के महा-अपराध या कुछ खास छोटे अपराधों के दोष-सिद्ध होने के बाद उनसे अग्नि-शस्त्र वापस लेना सुनिश्चित करने के लिए अदालत की नई प्रक्रिया तैयार करता है, तथा (3) विभिन्न अन्य प्रावधान लागू करता है। इसके अलावा, प्रस्ताव 63 में उल्लेख है कि विधानमंडल उस स्थिति में अपने प्रावधानों में परिवर्तन कर सकती है यदि ये परिवर्तन इस विधेयक के "अनुरूप और इसके आशय को आगे बढ़ाने वाले" हों। ये परिवर्तन केवल तभी किए जा सकते हैं यदि विधानमंडल के प्रत्येक सदन के 55 प्रतिशत सदस्य इन्हें पारित करें और विधेयक को कानून बनाया जाए।

गोला-बारूद की बिक्रियों के राज्य विनियम में परिवर्तन

प्रस्ताव 63 में गोला-बारूद की बिक्री से संबंधित विभिन्न विनियम शामिल हैं। कुछ विनियम समान प्रावधान वाले मौजूदा कानून का स्थान ले लेंगे। फिर भी, जैसा कि नीचे चर्चा की गई है, प्रस्ताव 63 द्वारा प्रस्तावित अन्य विनियम अलग हैं।

गोला-बारूद खरीदने की अपेक्षाएं। प्रस्ताव 63 में गोला-बारूद खरीदने का अनुरोध करने वाले व्यक्तियों तथा इन खरीदों को विनियमित करने के लिए DOJ के लिए विभिन्न अपेक्षाएं शामिल हैं। विशेष रूप से, इस विधेयक में अपेक्षित है कि:

प्रस्ताव 63 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 163।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

- व्यक्ति गोला-बारूद खरीदने के लिए DOJ से चार-वर्ष का परमिट प्राप्त करें तथा गोला-बारूद के डीलर DOJ से पुष्टि करें कि गोला-बारूद खरीदने वाले व्यक्तियों के पास ऐसे परमिट हों।
- DOJ से अपेक्षित है कि वह प्रतिबंधित हो जाने वाले व्यक्तियों के परमिट रद्द कर दे।
- DOJ को अनुमति दी जाए कि यह गोला-बारूद की बिक्री से संबंधित अपने विभिन्न प्रशासनिक और लागू करने के खर्चों में सहायता करने के लिए चार-वर्ष के परमिट का आवेदन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर $50 वसूल करे।

फिर भी, राज्य ने उस स्थिति में उपर्युक्त प्रावधानों के स्थान पर वैकल्पिक प्रावधान लाने के लिए जुलाई 2016 में कानून बनाया यदि प्रस्ताव 63 को मतदाताओं द्वारा मंज़ूरी मिल जाए। (यह कानून प्रस्ताव 63 के प्रावधान के अनुसरण में वे परिवर्तन संभव बनाने के लिए बनाया गया था जो पूर्व में वर्णित किए अनुसार प्रस्ताव के "अनुरूप हों तथा इसके आशय को आगे बढ़ाएं"।) विशेष रूप से, कानून के अंतर्गत: (1) गोला-बारूद डीलरों से DOJ से यह पुष्टि करना अपेक्षित होगा कि गोला-बारूद खरीदने का अनुरोध कर रहे व्यक्ति खरीद के समय प्रतिबंधित व्यक्ति नहीं हैं और (2) DOJ ऐसे व्यक्तियों से प्रति लेन-देन $1 तक वसूल कर सकता है। ये प्रावधान वर्तमान कानून के समान हैं। फिर भी, कम व्यक्तियों को वर्तमान कानून के अंतर्गत की तुलना में इस पुष्टि से छूट होगी। उदाहरण के लिए, जिन व्यक्तियों को अपने पास गुप्त हथियार रखने की अनुमति दी गई है, उन पर यह पुष्टि लागू होगी।

गोला-बारूद बेचने के लाइसेंस। वर्तमान कानून के समान, प्रस्ताव 63 में यह अपेक्षित है कि व्यक्ति और व्यवसाय गोला-बारूद बेचने के लिए DOJ से एक वर्ष का लाइसेंस प्राप्त करें। फिर भी, यह विधेयक उन प्रकार के व्यक्तियों और व्यवसायों में परिवर्तन करता है जिन्हें लाइसेंस प्राप्त करने से छूट होगी। उदाहरण के लिए, यह विधेयक उन व्यक्तियों और व्यवसायों को सामान्य रूप से लाइसेंस प्राप्त करने की अपेक्षा से छूट प्रदान करता है जो थोड़ी मात्रा में गोला-बारूद बेचते हैं। यह विधेयक गोला-बारूद की बिक्री की अपेक्षाओं का पालन करने में विफल रहने पर दंडों में भी विभिन्न परिवर्तन करता है। उदाहरण के लिए, यह विक्रेता लाइसेंसिंग अपेक्षाओं का पालन करने पर विफल रहने पर नया फौजदारी दंड—विशेष रूप से छोटा अपराध स्थापित करता है।

गोला-बारूद की अन्य अपेक्षाएं। यह विधेयक अधिकाँश California निवासियों के लिए जनवरी, 2018 से—वर्तमान कानून से डेढ़ वर्ष पहले किसी लाइसेंसधारी गोला-बारूद डीलर को पहले गोला-बारूद सुपुर्द किए बिना राज्य में गोला-बारूद लाने पर प्रतिबंध लगाता है। इसके अतिरिक्त, इस अपेक्षा का अनुपालन करने में विफल रहना पहले अपराध के लिए छोटे अपराध से उल्लंघन में बदल जाएगा और किसी अतिरिक्त अपराध के लिए उल्लंघन या छोटे अपराध में बदल जाएगा। इस विधेयक में यह भी अपेक्षित है कि DOJ गोला-बारूद की निश्चित बिक्री सूचना को दो वर्ष की बजाए अनिश्चित काल तक डेटाबेस में रखे।

अग्नि-शस्त्रों को हटाने के लिए नई अदालती प्रक्रिया उत्पन्न करता है

यह विधेयक यह सुनिश्चित करने के लिए नई अदालती प्रक्रिया उत्पन्न करता है कि ऐसे अपराधों के दोषसिद्ध व्यक्ति अपने पास अग्नि-शस्त्र रखना जारी न रख सकें जो उनके लिए अपने पास अग्नि-शस्त्र रखना प्रतिबंधित करते हैं। 2018 से, यह विधेयक दोषसिद्धि पर अदालतों से अपराधियों को यह सूचित करने की अपेक्षा करता है कि (1) उन्हें अपने अग्नि-शस्त्र स्थानीय कानून प्रवर्तन को अवश्य सौंप देने चाहिए, (2) उन्हें अपने अग्नि-शस्त्र किसी लाइसेंसधारी अग्नि-शस्त्र डीलर को अवश्य बेच देने चाहिए, या (3) उन्हें अग्नि-शस्त्र किसी अग्नि-शस्त्र डीलर को रखने के लिए अवश्य दे देने चाहिए। इस विधेयक में अदालतों से यह भी अपेक्षित है कि वे प्रोबेशन अधिकारियों को यह सूचित करने का कार्य सौंपें कि अपराधियों ने अपने अग्नि-शस्त्रों का क्या किया है। यदि अदालत यह पाता है कि इसका संभाव्य कारण है कि किसी अपराधी के पास अभी भी अग्नि-शस्त्र हैं, तो इसे यह आदेश अवश्य देना चाहिए कि अग्नि-शस्त्र हटा दिए जाएं। अंत में, स्थानीय एजेंसियाँ या राज्य एजेंसियाँ इस विधेयक को लागू करने में निश्चित खर्च की उन्हें धन-वापसी करने के लिए शुल्क वसूल सकती हैं (जैसे अग्नि-शस्त्र हटाने या रखने से संबंधित खर्च)।

अन्य प्रावधानों को लागू करता है

सूचित करने संबंधी अपेक्षाएं। इस विधेयक में अग्नि-शस्त्रों और गोला-बारूद से संबंधित सूचित करने संबंधी अनेक अपेक्षाएं सम्मिलित हैं। उदाहरण के लिए, इस विधेयक में यह अपेक्षित है कि गोला-बारूद के डीलर गोला-बारूद के गुम या चोरी होने के बारे में 48 घंटों के भीतर सूचित करें। इसमें यह भी अपेक्षित है कि अधिकाँश व्यक्ति स्थानीय कानून प्रवर्तन को पाँच दिनों के भीतर अग्नि-शस्त्रों के गुम या चोरी होने के बारे में सूचित करेंगे। कोई ऐसा व्यक्ति जो पाँच दिनों के भीतर ऐसी सूचना नहीं देता है, वह पहले दो अतिक्रमणों के लिए उल्लंघन का दोषी होगा। अतिरिक्त अतिक्रमण छोटे अपराध होंगे। यह विधेयक किसी ऐसे व्यक्ति के लिए दंड को भी कम करता है जो छोटे अपराध से उल्लंघन तक स्थानीय कानून प्रवर्तन को जान-बूझकर झूठी रिपोर्ट भेजता है और ऐसे व्यक्ति के लिए दस वर्ष तक अग्नि-शस्त्र रखने की मनाही को समाप्त करता है। इस विधेयक के अंतर्गत DOJ से भी यह अपेक्षित है कि वह किसी नए प्रतिबंधित व्यक्ति

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

का नाम, जन्म की तारीख और शारीरिक विवरण NICS को भेजे।

बड़ी क्षमता वाली मैगज़ीनें। 2000 से राज्य के कानून में सामान्यतया व्यक्तियों को बड़ी क्षमता की मैगज़ीनें (ऐसी चीज़ों के रूप में परिभाषित किया गया है जिनमें गोला-बारूद के दस से अधिक राउंड होते हैं) प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। फिर भी, कानून ने उन व्यक्तियों को 2000 से पहले अपने स्वयं के प्रयोग के लिए रखने की अनुमति दी जिनके पास बड़ी क्षमता वाली मैगज़ीनें थीं। जुलाई, 2017 के आरंभ से, हाल ही में निर्मित कानून इनमें से अधिकाँश व्यक्तियों द्वारा ये मैगज़ीनें अपने पास रखने को प्रतिबंधित करेगा। जो व्यक्ति इसका पालन नहीं करते, वे उल्लंघन के दोषी होते हैं। फिर भी, ऐसे विभिन्न व्यक्ति हैं जिन्हें इस अपेक्षा से छूट दी जाएगी—जैसे कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास (2000 से पहले प्राप्त की गई) ऐसी बंदूक हो जिसका केवल बड़ी क्षमता वाली मैगज़ीन के साथ प्रयोग किया जा सकता हो। प्रस्ताव 63 इनमें से कुछ छूटों को समाप्त करता है, और इसके साथ-साथ बड़ी क्षमता की मैगज़ीनें रखने के लिए अधिकतम दंड में वृद्धि करता है। विशेष रूप से, जिन व्यक्तियों के पास जुलाई, 2017 के बाद से ऐसी मैगज़ीनें होंगी, वे उल्लंघन या छोटे अपराध के दोषी होंगे।

अग्नि-शस्त्र की चोरी के लिए दंड। राज्य के वर्तमान कानून के अंतर्गत, $950 या इससे कम मूल्य की बंदूक की चोरी के लिए दंड आमतौर पर छोटा अपराध है जिसके लिए काउंटी की जेल में एक वर्ष तक की सज़ा दी जाती है। इस विधेयक के अंतर्गत, ऐसा अपराध घोर अपराध होगा और इसके लिए राज्य के जेल में तीन वर्ष तक की सज़ा हो सकती है। इसके अतिरिक्त, बंदूक की चोरी के लिए पहले छोटे अपराध के दोषसिद्ध व्यक्तियों के लिए दस वर्ष तक अग्नि-शस्त्र रखना प्रतिबंधित होगा। वर्तमान में, अग्नि-शस्त्र का छोटा अपराध सिद्ध होने पर ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

राजकोषीय प्रभाव

अदालत और कानून प्रवर्तन का बढ़ा हुआ खर्च। प्रतिबंधित व्यक्तियों का दोषसिद्ध होने के बाद ऐसे व्यक्तियों से गोला-बारूद हटाने के लिए अदालत की नई प्रक्रिया के परिणामस्वरूप राज्य और स्थानीय सरकारों का कार्यभार बढ़ जाएगा। उदाहरण के लिए, राज्य के अदालत और काउंटी के प्रोबेशन विभागों के पास यह निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त कार्यभार होगा कि क्या प्रतिबंधित व्यक्तियों के पास अग्नि-शस्त्र हैं और क्या उन्होंने इसे सौंप दिया है। इसके अतिरिक्त, राज्य और स्थानीय कानून प्रवर्तन के पास उन अपराधियों से अग्नि-शस्त्र हटाने से संबंधित नया कार्यभार होगा जो अदालत की नई प्रक्रिया के भागस्वरूप इसे सौंपने में विफल रहते हैं। उन्हें अग्नि-शस्त्र के भंडारण या वापसी से संबंधित संभावित रूप से बढ़ा हुआ खर्च भी वहन करना होगा। गोला-बारूद को हटाने, भंडारण, या वापसी से संबंधित कुछ बढ़ी हुई कानून प्रवर्तन लागतें इस विधेयक की अनुमति के अनुसार इन गतिविधियों के लिए स्थानीय सरकारों और राज्य एजेंसियों द्वारा प्रभारित और एकत्र किए जाने वाले शुल्कों की सीमा तक पूरी की जाएंगी। इन राज्य और स्थानीय खर्चों की कुल मात्रा **वार्षिक रूप से दसियों मिलियन डॉलरों में हो सकती है।** वास्तविक लागतें इस पर निर्भर करेंगी कि इस विधेयक को कैसे लागू किया गया था।

संभावित रूप से बढ़ा हुआ राज्य विनियामक खर्च। संतुलन पर, गोला-बारूद की बिक्री के विनियमन के संबंध में विधेयक के परिवर्तन राज्य की लागतों में वृद्धि कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, अधिक व्यक्ति या व्यवसाय संभावित रूप से इस विधेयक के अंतर्गत राज्य गोला-बारूद अपेक्षाओं के अधीन होंगे। परिवर्तनों का वास्तविक राजकोषीय प्रभाव इस पर निर्भर करेगा कि इन्हें कैसे लागू किया जाता है और व्यक्ति इनके प्रति कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। हमारा यह अनुमान है कि राज्य के खर्चों में संभावित वृद्धि वार्षिक रूप से अनेक मिलियन डॉलर से अधिक नहीं होगी। ये खर्च संभावित रूप से विधेयक और मौजूदा राज्य कानून द्वारा प्राधिकृत विभिन्न शुल्कों द्वारा पूरा किए जाएंगे।

संभावित निवल बढ़े हुए सुधार संबंधी खर्च। यह विधेयक अग्नि-शस्त्र और गोला-बारूद से संबंधित दंडों में विभिन्न परिवर्तन करता है। जबकि कुछ परिवर्तन निश्चित अपराधों के लिए दंडों में कमी करते हैं, वहीं अन्य परिवर्तन निश्चित अपराधों के लिए दंडों में वृद्धि करते हैं। निवल रूप से, इन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए बढ़े हुए सुधार संबंधी खर्च हो सकते हैं, जैसे व्यक्तियों को जेल और कारावास में रखने के लिए। ऐसे खर्चों की मात्रा मुख्य रूप से उल्लंघनों की संख्या और इस पर निर्भर करेगी कि विधेयक को कैसे लागू किया जाता है। सुधार संबंधी खर्चों में संभावित निवल वृद्धि **वार्षिक रूप से कम मिलियन डॉलर से अधिक होने की संभावना नहीं है।**

इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए प्राथमिक रूप से गठित समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/measure-contributions* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ता देखने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/nov-16-gen-v2.html* पर जाएं।

प्रस्ताव 63 के पूर्ण पाठ्य के लिए, देखें पृष्ठ 163।